वर्ष 2023 में भारत बना विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक

स्रोत: द हिंदू

वर्ष 2023 में **विश्व के तीसरे सबसे बड़े** सौर ऊर्जा **उत्पादक** के रूप में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर एक महत्त्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित करती है।

- भारत ने वर्ष 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में **जापान को पीछे छोड़ते** हुए, 110 BU की तुलना में 113 बिलियन यूनिट (BU) का उत्पादन किया।
- चीन वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा का अग्रणी उत्पादक राष्ट्र बना हुआ है, जिसने वर्ष 2024 में 584 BU का उत्पादन किया, जो **अगले इसके बाद के देशों** (संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, जर्मनी और भारत) **की तुलना में अधिक** है।
- भारत, **73 गीगावाट (GW) सौर ऊर्जा क्षमता के साथ स्थापित बिजली क्षमता** में **विश्व स्तर पर पाँचवें स्थान पर** है।
- वर्ष 2023 में वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन **वर्ष 2015** की तुलना में **छह गुना अधिक** था, जबकि **भारत में**
- **यह 17 गुना अधिक** था।
    - भारत की विद्युत उत्पादन में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी **वर्ष 2015 में 0.5% से बढ़कर वर्ष 2023 में 5.8%** हो गई।
- सौर ऊर्जा भारत की **कुल स्थापित विद्युत उत्पादन का 18%** है, लेकिन **उत्पादित विद्युत का केवल 6.66%** है, जो क्षमता और वास्तविक उत्पादन के बीच अंतर को उजागर करता है।
- **सौर** एवं पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा का **वर्ष 2023 में वैश्विक विद्युत उत्पादन में 30%** हिस्सा था, जिसमें **चीन प्रमुख योगदानकर्त्ता** रहा।

और पढ़ें...भारत का सौर ऊर्जा सपना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-emerges-as-third-largest-solar-power-producer-in-2023